**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3653**

**24 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए**

**सलेम इस्पात संयंत्र के लिए अपेक्षित स्क्रैप**

**3653. डा॰ आर॰ लक्ष्मणनः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु के सलेम इस्पात संयंत्र द्वारा पूर्ण क्षमता में उत्पादन करने के लिए विगत पांच वर्षों के दौरान आयात किए गए अपेक्षित स्क्रैप का ब्यौरा क्या है;

(ख) तमिलनाडु में सलेम इस्पात संयंत्र के लिए आयात किए गए स्क्रैप के लिए भुगतान की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने तमिलनाडु के सलेम इस्पात संयंत्र के लिए स्थानीय तौर पर स्क्रैप प्राप्त करने की संभावनाओं का पता लगाया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री (श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): सेलम इस्पात संयंत्र (एसएसपी) की क्रूड इस्पात क्षमता प्रतिवर्ष 1,80,000 टन है, जिसके लिए प्रतिवर्ष 1,20,000 टन स्क्रैप की आवश्यकता होती है।

सेलम इस्पात संयंत्र हेतु विगत 5 वर्षों के दौरान आयातित स्क्रैप का ब्यौरा:-

| वर्ष | आयातित स्क्रैप (टन) |
|---|---|
| 2014-15 | शून्य |
| 2015-16 | 35324 |
| 2016-17 | 44647 |
| 2017-18 | 58519 |
| 2018-19 | 37558 |

(ख): विगत पाँच वर्षों के दौरान सेलम इस्पात संयंत्र हेतु आयातित स्क्रैप के लिए भुगतान की गई राशि निम्नवत् है:

| वर्ष | रुपये/करोड़ |
|---|---|
| 2014-15 | शून्य |
| 2015-16 | 60.74 |
| 2016-17 | 55.67 |
| 2017-18 | 115.93 |
| 2018-19 | 125.12 |

(ग) और (घ): सेलम इस्पात संयंत्र के लिए स्क्रैप की आवश्यकता को मुख्य रूप से स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के सहयोगी संयंत्रों में उत्पादित स्क्रैप प्रक्रिया के जरिए पूरा किया जाता है। हालांकि, कभी-कभी हैवी मेल्टिंग स्क्रैप/श्रेडेड स्क्रैप की आवश्यकता को ग्लोबल टेंडर के माध्यम से आयात के जरिए भी पूरा किया जाता है। ग्लोबल टेंडर इंक्वायरी स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं सहित सभी आपूर्तिकर्ताओं को आरएफक्यू (क्वोट हेतु अनुरोध) के अनुसार टेंडर में भाग लेने के समान अवसर प्रदान करता है।

(ङ): उपरोक्त (ग) और (घ) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

****